# गुरुग्राम जिला

## 1. गुरुग्राम जिला एक नज़र में

| | |
|---|---|
| **जिले की स्थापना** | 1 नवम्बर 1966 |
| **नामकरण** | कौरव-पांडवों के गुरु द्रोणाचार्य के नाम पर पड़ा |
| **प्राचीन नाम** | गुड़गाँव (12 अप्रैल 2016 को नाम बदलकर गुरुग्राम किया गया) |
| **क्षेत्रफल** | 1253 वर्ग किमी |
| **उपनाम** | साइबर सिटी, मेडी सिटी, मनोरंजन हब, सपनों की नगरी (Kingdom of Dreams), इलेक्ट्रॉनिक सिटी, DLF सिटी, कॉल सेंटर, मिलेनियम सिटी, स्मार्ट सिटी, सोलर सिटी |
| **तहसील** | गुरुग्राम, पटौदी, सोहना, मानेसर, फर्रुखनगर |
| **उपतहसील** | बादशाहपुर, वजीराबाद, कादीपुर, हरसरु |
| **विधानसभा सीटें** | बादशाहपुर, गुरुग्राम, सोहना, पटौदी (आरक्षित) |

hrgk.in

**ध्यान दें:** गुड़गाँव का नाम बदलकर गुरुग्राम 12 अप्रैल 2016 को किया गया था — यह तारीख परीक्षा में अक्सर पूछी जाती है।

## 2. ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थल

### शीतला माता मंदिर

यह मंदिर वर्ष 1650 में राजा जहवार सिंह द्वारा बनवाया गया था। शीतला माता को **कृपि व ललिता देवी** भी कहा जाता है — कृपि देवी गुरु द्रोणाचार्य की पत्नी थीं। मंदिर ट्रस्ट (स्थापना 1991) के प्रधान वर्तमान मुख्यमंत्री होते हैं। यहाँ वर्ष में दो बार (चैत्र व आषाढ़ माह) मेला लगता है; इन्हें चेचक की देवी माना जाता है और यहाँ बच्चों का मुंडन संस्कार किया जाता है।

### शीशमहल

फर्रुखनगर में स्थित यह महल **फौजदार खां** ने शाहजहाँ के शासनकाल में बनवाया था। इसे दिल्ली के **लाल किले की नकल** माना जाता है।

### गोपालगिरी का किला

गुरुग्राम में स्थित इस किले का निर्माण सुल्तान **बलबन** ने करवाया था।

### भारतीय राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय

बिनौला (गुरुग्राम) में स्थित इस विश्वविद्यालय का उद्घाटन **13 मई 2013** को तत्कालीन प्रधानमंत्री **श्री मनमोहन सिंह जी** द्वारा किया गया था।

### दमदमा झील

सोहना में स्थित यह झील **हरियाणा की सबसे बड़ी झील** है, जिसका क्षेत्रफल लगभग 3000 एकड़ है।

## 3. जिले की अन्य महत्वपूर्ण बातें

### ऐतिहासिक समयरेखा

- **1966** गुरुग्राम जिले की औपचारिक स्थापना हुई।
- **1970** गुरुग्राम में मारुति उद्योग की स्थापना हुई।
- **1979** राज्य शिक्षण अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् (SCERT) की स्थापना हुई।
- **1984** मानेसर में कमांडो ट्रेनिंग सेंटर की स्थापना हुई।
- **1991** शीतला माता मंदिर ट्रस्ट की स्थापना हुई, जिसके प्रधान वर्तमान मुख्यमंत्री होते हैं।
- **2008** गुरुग्राम पुलिस कमिश्नरी की स्थापना हुई।
- **2010** प्रदेश में सबसे पहले मेट्रो सेवा गुरुग्राम में शुरु हुई।
- **13 मई 2013** भारतीय राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय, बिनौला का उद्घाटन हुआ; इसी वर्ष रैपिड मेट्रो भी शुरु हुई।
- **30 नवं 2015** अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन का मुख्यालय गुरुग्राम में स्थापित हुआ।
- **12 अप्रैल 2016** गुड़गाँव का नाम बदलकर गुरुग्राम किया गया।
- **2018** स्टेट साइबर क्राइम का पहला पुलिस स्टेशन गुरुग्राम में बना।

hrgk.in

## विषयवार वितरण




## धार्मिक स्थल एवं मेले

- **एकलव्य मंदिर** – खांडसा गाँव में स्थित।
- **भक्त पूर्णिमल का मेला** – कासन गाँव में लगता है।
- **नाग पूजा मेला** – नांगल मुबारकपुर में आयोजित होता है।
- **बुढ्ढो का मेला** – मुबारकपुर में लगता है।
- **गोगा नवमी का मेला** – इस्लामपुर में आयोजित होता है।
- **बूढ़ी तीज का मेला** – अलर्दुका में लगता है।
- **शाह चोखा का मेला** – खोरी में लगता है; यह मुस्लिम समुदाय का सबसे प्रसिद्ध मेला है।
- **गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा** – सोहना में स्थित।
- **सराय अलीवर्दी की मस्जिद** – निर्माण अलाउद्दीन खिलजी ने करवाया।
- **चौमा मस्जिद** – गुरुग्राम में स्थित।

## किले एवं ऐतिहासिक भवन

- **बादशाहपुर का किला** – गुरुग्राम में स्थित।
- **फर्रुखनगर का किला** – गुरुग्राम में स्थित।
- **सोहना का किला** – गुरुग्राम में स्थित।
- **लोधी डामनेस्टी** – सोहना में स्थित।
- **बेगम समरु का महल** – झाड़सा गांव (गुरुग्राम) में स्थित।
- **उरुस्वती संग्रहालय** – गुरुग्राम में स्थित।

hrgk.in

## झीलें एवं प्राकृतिक स्थल

- **सुल्तानपुर पक्षी विहार** (लेक बर्ड सेंचुरी) – सुल्तानपुर में स्थित।
- **खलीलपुर झील** – सोहना में स्थित।
- **घाटा झील** – गुरुग्राम में स्थित।
- **डोहला/दोगला झील** – सोहना में स्थित।
- **सोहना कुंड** – गर्म पानी का चश्मा; मान्यता है कि यहाँ स्नान करने से चर्म रोग दूर होते हैं।
- **बसई झील** – गुरुग्राम में स्थित।
- **भीमकुंड / पिंजोखेड़ा जोहड़** – गुरुग्राम में स्थित।

## पर्यटन स्थल एवं पार्क

- **सारस रिसॉर्ट** – गुरुग्राम में स्थित।
- **शमा पर्यटन स्थल** – गुरुग्राम में स्थित।
- **बारबेट पर्यटन स्थल** – गुरुग्राम में स्थित।
- **Key-Stone नॉलेज पार्क** – गुरुग्राम में स्थित।
- **राजीव गांधी अक्षय ऊर्जा पार्क** – गुरुग्राम में स्थित।
- **तितली संरक्षण पार्क** – उत्तर भारत का सबसे बड़ा तितली संरक्षण पार्क गुरुग्राम में है।

hrgk.in

## शिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान

- **Amity University** – मानेसर (गुरुग्राम) में स्थित।
- **जवाहर नवोदय विद्यालय** – फर्रुखनगर (गुरुग्राम) में स्थित।
- **SCERT** (राज्य शिक्षण अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद) – स्थापना 1979।
- **HIPA** (हरियाणा लोक प्रशासन संस्थान) – स्थापना 1983।
- **IIPM** (भारतीय पैट्रोलियम प्रबंधन संस्थान) – स्थापना 1995।
- **NBRC** (राष्ट्रीय मस्तिष्क अनुसंधान केंद्र) – नैनवाल गांव, मानेसर; स्थापना 1997।
- **कमांडो ट्रेनिंग सेंटर** – मानेसर; स्थापना 1984।
- **पर्यावरण प्रशिक्षण संस्थान** – सोहना में स्थित।

## उद्योग एवं व्यापार

- **इलेक्ट्रॉनिक्स एवं चीनी मिट्टी बर्तन उद्योग** – गुरुग्राम में स्थित।
- **ऑटोमोबाइल उद्योग** – मानेसर (गुरुग्राम) में केंद्रित।
- **फार्मा उद्योग** – गुरुग्राम में स्थित।
- **सॉफ्टवेयर उद्योग** – गुरुग्राम में केंद्रित।
- **बेनेटन (इटली) कंपनी** – यहाँ चमड़े के जूते, बैग व पर्स आदि बनते हैं।
- **IC Chips उद्योग** – गुरुग्राम में स्थित।
- **मारुति उद्योग** – गुरुग्राम; स्थापना वर्ष 1970।
- **HREC** (हरियाणा परिवहन अभियंत्री निगम) – स्थापना 1987।
- **फूल मंडी** – प्रदेश की फूल मंडी गुरुग्राम में स्थित है।

## गुरुग्राम के प्रथम / रिकॉर्ड

- **साक्षरता दर** – प्रदेश में सबसे अधिक साक्षरता दर वाला जिला।
- **महिला साक्षरता** – प्रदेश में सबसे अधिक महिला साक्षरता दर वाला जिला।
- **प्रति व्यक्ति आय** – प्रदेश में सबसे अधिक प्रति व्यक्ति आय वाला जिला।
- **CFL गांव** – प्रदेश का प्रथम CFL गांव बिनौला है, जो एशिया का प्रथम फोटोग्राफिक आर्ट सेंटर भी है।
- **Hydraulic Platform** – देश का सबसे ऊंचा Hydraulic Platform गुरुग्राम में है।
- **मेट्रो सेवा** – प्रदेश में सबसे पहले मेट्रो सेवा गुरुग्राम में शुरु हुई (2010)।
- **रैपिड मेट्रो** – गुरुग्राम प्रदेश का एकमात्र रैपिड मेट्रो शहर है (2013)।
- **साइबर क्राइम थाना** – स्टेट साइबर क्राइम का पहला पुलिस स्टेशन गुरुग्राम में बना (2018)।
- **सॉफ्टवेयर उत्पादन** – देश में सॉफ्टवेयर बनाने के मामले में गुरुग्राम का स्थान तीसरा है।
- **विंटेज कार रैली** – प्रथम आयोजन 1964 में; हर वर्ष फरवरी माह में सोहना में आयोजित होती है।
- **अनाज ATM** – देश का प्रथम अनाज ATM फर्रुखनगर में स्थित है।
- **मॉडल करियर सेंटर** – देश के प्रथम मॉडल करियर सेंटर की स्थापना 2016 में हुई।
- **पुलिस कमिश्नरी** – गुरुग्राम पुलिस कमिश्नरी की स्थापना 2008 में हुई।
- **सौर गठबंधन मुख्यालय** – अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन (International Solar Alliance) का मुख्यालय गुरुग्राम में है (30 नवम्बर 2015)।

hrgk.in

## 4. महान व्यक्तित्व

| नाम | परिचय / योगदान |
|---|---|
| प्रीतम रानी सिवाच | हॉकी खिलाड़ी; 1998 में अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित; 2002 कॉमनवेल्थ गेम्स में स्वर्ण पदक विजेता टीम की सदस्य रहीं; 2021 में द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित। |
| अनूप कुमार | कबड्डी खिलाड़ी। |
| जोगिंदर राव | क्रिकेटर। |
| राजकुमार राव | अभिनेता। |
| निकुंज मलिक | अभिनेत्री। |
| शिवानी | तैराकी खिलाड़ी। |
| अयोध्या प्रसाद गोयलिया | उर्दू व हिंदी कवि। |
| शेखर गेरा | प्रसिद्ध कार्टूनिस्ट; पुस्तक – कारगिल कार्टून्स। |
| पायल राजपूत | अभिनेत्री। |

hrgk.in